# मम्मी घर में बप्पा आये हैं | Amit Kalra Meetu

गणपति बप्पा मोरिया
मंगल मूर्ती मोरिया

मम्मी घर को खूब सजाओ बप्पा आये हैं
कुछ दिन मेरे घर पे रहने बप्पा आये हैं

गणपति बप्पा मोरिया, मंगल मूर्ती मोरिया
इनके नाम में दीवाना ये सारा ज़मान हो रिया
अपने संग में देखो कितनी खुशियां लाये हैं
कुछ दिन मेरे घर पे रहने बप्पा आये हैं

शिव के लाल दुलारे हैं ये रिद्धि सिद्धि के दाता हैं
सबसे पहले देवो में तो इनको पूजा जाता है
जीवन से सारे विघ्नो को दूर भगाये हैं
कुछ दिन मेरे घर पे रहने बप्पा आये हैं

मोदक इनको भाते हैं ये चाव से भोग लगाते हैं
जिनपे खुश हो जाते हैं तो किरपा खूब लुटाते हैं
सुनके मीतू सचिन की अर्ज़ी रुक ना पाए हैं
कुछ दिन मेरे घर पे रहने बप्पा आये हैं

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a4%ae%e0%a5%8d%e0%a4%ae%e0%a5%80-%e0%a4%98%e0%a4%b0-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%ac%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%aa%e0%a4%be-%e0%a4%86%e0%a4%af%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a5%88%e0%a4%82-ami/